MOVEMENT AND ACTION FOR SOCIAL SERVICES (MASS)

७ मास ७

श्री राजीव कुमार मास के संस्थापक हैं। मास एक अग्रणी समाज कल्याणकारी संस्था हैं। मास का पंजीकरण "1860 के सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट XXI" के अतंर्गत रजिस्ट्रार सोसाइटीज़ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र – दिल्ली सरकार के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर, 13 अप्रैल 2005 को वैसाखी के दिन हुआ। मास का पंजीकरण क्रमांक **S-52481** हैं। भारत गणराज्य के अतिरिक्त आज मास अखिल विश्व मे अपनी पहचान बना चुका हैं। अनेक शीर्ष राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मिलकर मास श्री राजीव कुमार के कुशल नेतृत्व मे समाज सेवा एवं समाज परिवर्तन के लिए संघर्षशील हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) में मास की भागीदारी इस कथन को सार्थक करती हैं।

७ सरला ७

मास के पंजीकृत Memorandum of Association (MoA) के अनुच्छेद संख्या *"a"*, *"c"*, *"g"*, एवं *"o"* में निहित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु मास द्वारा 01 मई 2005 को सर्वसम्मिति से एक प्रस्ताव (Resolution) पारित किया गया (संख्या नः–*MASS/Resol-006:May*), जिसके तत्वाधान मे "**सरला**" परियोजना का शुभारम्भ हुआ। सरला नामक इस परियोजना का नामकरण, मास के संस्थापक श्री राजीव कुमार जी की माता एवं मास की प्रेरणास्त्रोत "श्रीमति सरला जी" के नाम से किया गया हैं। सरला जी स्त्री शक्ति के रूप मे एक बड़ी पहचान हैं। सरला परियोजना के प्रमुख पाँच उद्देश्य हैं – (1) महिलाओं में शिक्षा का विकास, (2) महिलाओं में अच्छे स्वास्थ्य का विकास (3) महिलाओं का सामाजिक विकास, (4) महिलाओं का सांस्कृतिक विकास एवं (5) महिलाओं का आर्थिक विकास। सरला परियोजना में महिलाओं में स्व-सहायता, स्वावलंबन, स्वयंसिद्धा, स्वशक्ति, स्वाधार, स्वरोजगार, एवं स्वाभिमान से संबन्धित तत्वों का निर्माण अथवा विकास कर व्यावहारिक रुप से अपनाने पर बल दिया जाता हैं।

७ महिला स्वरोजगार योजना ७

महिला स्वरोजगार योजना, सरला परियोजना का एक महत्वपूर्ण भाग हैं। मास का **"शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रभाग"** इस सम्पूर्ण योजना को निर्देशित एवं संचालित करता हैं। इसके अन्तर्गत मास के अधिकृत प्रशिक्षण केन्द्रों में छात्राओं को सिलाई का गहन प्रशिक्षण दिया जाता हैं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान छात्राओं को नैतिक एवं मूल्य आधारित शिक्षा दी जाती हैं। सिलाई प्रशिक्षण चार अथवा आठ महिनों के सत्रो में पूरा किया जाता हैं। समय आधारित प्रशिक्षण सत्र पूरा करने पर छात्राओं को **Participation Certificate** दिया जाता हैं।

प्रशिक्षण का अंक वितरण

Theory : 15 %
Practical : 85 %
TOTAL : 100 %

प्रशिक्षण सत्र के दौरान छात्राओं को सिलाई, पैमाने, कपड़े, मशीन, डिजाईन, मानव जीवन की विभिन्न शारीरिक अवस्थाओं में उपयोग हेतु वस्त्र और बाजार की जानकारी तकनीकी एवं व्यावहारिक रुप से दी जाती हैं, ताकि छात्राएं भविष्य में इसका उपयोग अपनी इच्छानुसार कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। छात्राओं के सर्वागींण विकास हेतु मास के प्रशिक्षण केन्द्रों में समय – समय पर स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून, एवं पर्यावरण आदि क्षेत्रों से सम्बन्धित विशेषज्ञो को आमन्त्रित किया जाता हैं। विशेषज्ञ नि:शुल्क रुप से आवश्यक जानकारी प्रदान करतें हैं। मास की यह सुविधा न केवल प्रशिक्षण केन्द्र की छात्राओं के लिए होती हैं वरन् उस पूरे क्षेत्र के निवासियों के लिए होती हैं, जहाँ मास का अधिकृत प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित होता हैं ।

संस्था का पता – ए –39, सनलाईट कालोनी नः 2, आश्रम, नई दिल्ली, पिन – 110014 , भारत
http://www.massfoundation.org E-mail: rajeev@massfoundation.org
Phone No. : 011-26347536/9891572003

©सर्वाधिकार सुरक्षित। मास द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित।